श्री बबलू कुमार, माननीय स०वि०स० से प्राप्त तारांकित प्रश्न संख्या-18/2/2666 का उत्तर प्रतिवेदन

प्रश्न	उत्तर प्रतिवेदन
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिला के खगड़िया विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत गंगा नदी, मुंगेर पुल के बाद अवस्थित मथार दियारा में निरंतर बायें ओर कटाव हो रहा है, जो अब गांवों के अत्यंत नजदीक पहुंच चुका है, जिससे बरखंडी टोला, जंगली टोला, इंग्लिश टोला एवं मथार जैसे गांव नदी में कटकर विलीन हो जा रहा है, यदि हॉ, तो सरकार उक्त क्षेत्र में कब तक कटाव नियंत्रण एवं तटबंध सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि प्रश्नगत मथार दियारा खगड़िया जिले के खगड़िया प्रखंड अन्तर्गत गंगा नदी एवं बूढ़ी गंडक नदी के मिलन बिन्दु के समीप नदी के खादिर क्षेत्र में अवस्थित है। प्रश्नगत मथार दियारा के बरखंडी टोला, जंगली टोला, इंग्लिश टोला, मथार आदि गाँव/टोला के समीप नदी तट से बसावट की औसतन दूरी 800 मीटर से 2500 मीटर के बीच है। बाढ़ 2025 के दौरान प्रश्नगत स्थलों के समीप नदी तट का क्षरण हुआ है परन्तु आबादी प्रभावित नहीं है एवं वर्तमान में स्थल सुरक्षित है । प्रश्नगत स्थल की समस्या हेतु दिनांक-22.10.2025 को विभागीय उच्चस्तरीय तकनीकी दल द्वारा प्रश्नगत स्थलों का निरीक्षण किया गया एवं निरीक्षणोंपरान्त 1.50 कि0मी0 की लम्बाई में गंगा नदी के बॉयें तट के ओभर बर्डेन मिट्टी को हटाकर 3:1 का स्लोप बनाकर वर्तमान क्षरण को न्यून करने का सुझाव दिया गया । परन्तु किसानों के रैयती भूमि होने के कारण ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया जिससे उक्त सुझाव का कार्यान्वियन नहीं हुआ । बाढ़ अवधि 2026 में कटाव होने पर आवश्यकतानुसार बाढ़ संघर्षात्मक कार्य कराकर स्थल को सुरक्षित रखा जायेगा।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25/वि0स0प्र0(सम0)–05–108/2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18/2/2666 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–108 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–108 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(सम0)–05–108 / 2026– 1257 पटना, दिनांक– 17/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo